**सं. ए-35011/5/2026-एडी.ईडी**
**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**राजस्व विभाग**
**(एडी.ईडी अनुभाग)**
******

कर्तव्य भवन-I, नई दिल्ली
दिनांक: 24 मार्च, 2026

**कार्यालय-ज्ञापन**

**विषयः प्रवर्तन निदेशालय में संयुक्त निदेशक, प्रवर्तन के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के संबंध में।**

प्रवर्तन निदेशालय में संयुक्त निदेशक, प्रवर्तन के ग्रेड में प्रतिनियुक्ति के आधार पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल -12 में छह (6) रिक्तियों को भरे जाने लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, होने वाली रिक्तियां की संख्या में होने वाली किसी भी वृद्धि या कमी को भी इस परिपत्र में शामिल की जाएगी।

i) भर्ती नियमों के अनुसार, निम्नलिखित श्रेणियों के अधिकारी पात्र हैं:

*केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या अर्ध सरकारी या स्वायत्त निकाय या वैधानिक संगठनों के ऐसे अधिकारी जो :-*

*(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समनुरूप पद धारण किए हुए हों;* ***या***

*(ii) मूल संवर्ग या विभाग में ₹15600-39100 के वेतन बैंड -3 में और वेतन मैट्रिक्स के ₹6600 (पूर्व-संशोधित/ लेवल -11 के ग्रेड वेतन या समकक्ष में पांच वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हैं; और*

*(ख) दस वर्ष का अनुभव, जिसमें से छह वर्ष आसूचना या जांच कार्य और राजकोषीय या आपराधिक कानूनों या वित्त या खातों या कॉर्पोरेट मामलों से संबंधित न्यायनिर्णयन या अभियोजन कार्य के क्षेत्र में हों और चार वर्ष प्रशासनिक कार्य के क्षेत्र में हों।*

ii) फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे और इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार के लिए पात्र नहीं होंगे।

iii) केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पूर्व-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) सहित इस प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: चार साल से अधिक नहीं होगी।

iv) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

2. सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के परिणामस्वरूप, वेतन बैंड वाले वेतनमान के स्थान पर वेतन मैट्रिक्स प्रणाली द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। इसलिए, समनुरूप पदों से संबंधित व्याख्या के प्रयोजन के लिए, गणना ऐसे पदों के पूर्व-संशोधित वेतनमान के आधार पर की जाएगी।

3. संयुक्त निदेशक, प्रवर्तन से अपेक्षा की जाती है कि वह फेरा, फेमा, पीएमएलए और एफईओए से संबंधित आसूचना और जांच मामलों का समन्वय और निगरानी करने में सक्षम होंगे। हालाँकि, उन्हें प्रवर्तन निदेशक द्वारा समीक्षा, विशेष जांच और तकनीकी कार्य जैसे कोई अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं। इसलिए, अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें फेरा, 1973 (निरस्त होने के बाद से), फेमा, 1999, धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002, भगोडे आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 और अन्य संबद्ध अधिनियमों का गहन ज्ञान हो और इस प्रकार के कार्य के लिए क्षमता रखते हों।

4. वेतन एवं भत्ते तथा अन्य शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून 2010 के कार्यालय ज्ञापन सं 6/8/2009-स्था.(वेतन-II), समय-समय पर संशोधित के अनुसार विनियमित की जाएंगी। प्रवर्तन निदेशालय में कार्यरत अधिकारी **मूल वेतन के 20% की दर से विशेष प्रोत्साहन भत्ते के पात्र होते हैं**।

5. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों से अनुरोध है कि पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन संलग्न प्रोफार्मा में निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय, प्रवर्तन भवन, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड, नई दिल्ली को अग्रेषित किए जाएं। यह विज्ञापन, राजस्व विभाग की वेबसाइट *https://dor.gov.in* और प्रवर्तन निदेशालय की वेबसाइट *https://enforcementdirectorate.gov.in* पर भी उपलब्ध है।

6. आवेदन अग्रेषित करते समय, संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी यह सत्यापित और सुनिश्चित करेंगे कि आवेदकों द्वारा दिए गए विवरण सही हैं और संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है। आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी भेजने होंगे:

i) जीवनवृत्त (बायोडाटा)
ii) पिछले पांच वर्षों के लिए उपलब्ध पूर्ण और अद्यतित वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) डोजियर और उनकी सत्यापित फोटोकॉपी
iii) सतर्कता प्रमाणपत्र/अनापत्ति प्रमाणपत्र
iv) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र/ अनापत्ति प्रमाणपत्र
v) संवर्ग अनापत्ति प्रमाणपत्र
vi) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाए गए छोटी/बडी शास्ति, यदि कोई हो, का विवरण।

7. आवेदकों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके आवेदन पत्र रोजगार समाचार पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन से **30 दिनों के भीतर** निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय तक पहुंच जाएं। हालाँकि, विभाग द्वारा तय की जाने वाली अंतिम तारीख पर या उससे पहले, ऊपर पैरा 6 में उल्लिखित सभी दस्तावेजी औपचारिकताओं के साथ पूर्ण रूप में संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर ही चयन के लिए विचार किया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय की स्थानांतरण नीति के अनुसार किसी स्थान पर नियुक्त अधिकारी का स्थानांतरण किया जा सकता है। इसके अलावा, आवश्यकता के आधार पर, विभाग, इस रिक्ति परिपत्र से प्राप्त आवेदनों में से अधिक या कम संख्या में अधिकारियों का चयन कर सकता है।

8. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की एक चेक-लिस्ट भी भेजी जाए (प्रोफार्मा संलग्न)।

(राजीव लोचन)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में

1) भारत सरकार के सभी मंत्रालय और विभाग इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने मंत्रालयों/विभागों और अपने संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में भी परिचालित करा दें।

2) सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के पुलिस महानिदेशक, व्यापक परिचालन हेतु।

3) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (एआईएस शाखा), कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली, वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

4) सभी मुख्य आयुक्त/महानिदेशक, आयकर, व्यापक परिचालन हेतु।

5) सभी मुख्य आयुक्त/महानिदेशक, सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, व्यापक परिचालन हेतु।

6) संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीबीडीटी/संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीबीआईसी इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को सीबीडीटी/सीबीआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट करने की व्यवस्था की जाए।

7) निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय, प्रवर्तन भवन, एपीजे, अब्दुल कलाम रोड, नई दिल्ली, रोजगार समाचार में प्रकाशन और प्रवर्तन निदेशालय की वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

8) निदेशक सीबीआई, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली, व्यापक परिचालन हेतु।

9) एनआईसी, राजस्व विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(राजीव लोचन)
अवर सचिव, भारत सरकार

## भाग- क
## जीवनवृत्त (बायोडाटा) का प्रोफार्मा

1. नाम और पता:
   (स्पष्ट अक्षरों में)

2. जन्म तिथि:

3. सेवानिवृत्ति की तिथि:
   (केंद्र सरकार के नियमों के तहत)

4. सेवा और बैच, जिससे अभ्यर्थी संबंधित है:

5. वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन:

6. तिथि जिससे वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन धारण किया गया है:

7. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं:
   (यदि कोई योग्यता निर्धारित नियम में विनिर्दिष्ट कि योग्यता के समतुल्य मानी गई है, तो इसके लिए प्राधिकार बताएं)।

| अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|
| अनिवार्य:<br><br>(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण किया हो;<br><br>**या**<br><br>(ii) मूल संवर्ग या विभाग में ₹15600-39100 के वेतन बैंड-3 में ₹6600 (पूर्व-संशोधित) [वेतन मैट्रिक्स लेवल -11 (₹67700-208700 रुपये)] के ग्रेड वेतन के साथ या समकक्ष में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ;<br><br>**और**<br><br>(ख) दस वर्ष के अनुभव सहित, जिसमें से आठ वर्ष आसूचना या जांच कार्य और राजकोषीय या आपराधिक कानूनों या वित्त या खातों या कॉर्पोरेट मामलों से संबंधित निर्णयन या अभियोजन कार्य के क्षेत्र में हो और चार वर्ष प्रशासनिक कार्य क्षेत्र में हों। | |

8. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या
आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में
आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं:

9. रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक रूप में
*(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)*

(क) राजकोषीय या आपराधिक कानूनों या वित्त या खातों या कॉर्पोरेट मामलों से संबंधित आसूचना या जांच कार्य और न्यायनिर्णयन/अभियोजन कार्य के क्षेत्र में अनुभव

| कार्यालय/संस्था | धारित पद | दिनांक से | दिनांक तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|

(ख) प्रशासनिक कार्य में अनुभव

| कार्यालय/संस्था | धारित पद | दिनांक से | दिनांक तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|

10. वर्तमान रोजगार की प्रकृति:
(यथा तदर्थ या अस्थायी या
अर्ध- स्थायी या स्थायी)

11. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है
कृपया स्पष्ट करें:

क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि:

ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि:

ग) मूल कार्यालय/संगठन नाम और पता
जिससे आप संबंधित हैं:

12. वर्तमान रोजगार के विषय में अतिरिक्त विवरण:
कृपया बताएं कि निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं
(अपने नियोक्ता का नाम संबंधित कॉलम के सामने लिखें)

क) केंद्र सरकार:

ख) राज्य सरकार:

ग) स्वायत्त संगठन:

घ) सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम:

ङ) विश्वविद्यालय:

च) अन्य:

13(क) वर्तमान में मूल संवर्ग में या प्रतिनियुक्ति या
अन्य पूर्व-कैडर पद पर कार्यरत हैं?
यदि, प्रतिनियुक्ति या किसी अन्य बाह्य-कैडर पद पर हैं,
तो वह तारीख जिससे प्रतिनियुक्ति पर या किसी
अन्य पूर्व-कैडर पद पर हैं:

13(ख) कृपया बताएं कि क्या आप प्रवर्तन निदेशालय में हैं या
फीडर ग्रेड में या फीडर से फीडर ग्रेड में काम कर रहे हैं:

14. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं?
यदि हाँ, तो वह तारिख बताएं जब से संशोधन हुआ और
पूर्व-संशोधित वेतनमान को भी इंगित करें:

15. अब प्रति माह अतिरिक्त की जाने वाली कुल परिलब्धियाँ:

16. कोई अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं:

(इसके अलावा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान करें
i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएँ:
ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और:
iii) कार्य अनुभव, रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित के अतिरिक्त)

(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें)

17. टिप्पणियाँ - अभ्यर्थी निम्नलिखित के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराएं
i) शोध प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएँ:
*ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा:*
iii) व्यवसायिक निकाय/संस्था/समाज के साथ संबद्धता:
iv) कोई अन्य जानकारी

(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें)

18. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी का नाम एवं पता:

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मुझे अच्छी तरह पता है कि चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा ~~विधिवत~~ समर्थित जीवनवृत्त का भी मूल्यांकन किया जाएगा। राजीव

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
तारीख: ______________
पता: ______________________
______________________
______________________
मोबाइल/टेलीफोन नंबर: ______________
ईमेल:

## भाग - ख

## केवल संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी/विभाग के उपयोग के लिए

| | | |
|---|---|---|
| 1 | क्या अधिकारी आवेदन की अंतिम तिथि को पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता है | |
| 2 (क) (i) | क्या अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित है या विचाराधीन है | |
| 2 (क) (ii) | यदि हाँ, तो कृपया विवरण दें | |
| 2 (ख) (i) | क्या पिछले दस वर्षों के दौरान संबंधित अधिकारी पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति लगाई गई है | |
| 2 (ख) (ii) | यदि हाँ, तो कृपया विवरण दें | |
| 2 (ख) (iii) | बताएं कि क्या आज की तारीख में उन पर कोई शास्ति लगी हुई है | |
| 2 (ग) | क्या अधिकारी वर्तमान में मूल संवर्ग में या प्रतिनियुक्ति पर या किसी अन्य पूर्व-संवर्ग पद पर कार्यरत हैं, यदि प्रतिनियुक्ति पर है या किसी अन्य पूर्व-संवर्ग पद पर है तो किस तिथि से प्रतिनियुक्ति पर है या किसी अन्य पूर्व-संवर्ग पद पर है और उनके संवर्ग अनापत्ति का शेष कार्यकाल है।<br><br>क्या पद के लिए आवश्यकतानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिकारी के लिए संवर्ग अनापत्ति प्रदान की गई है। | |
| 2 (घ) | क्या वर्ष 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष से संबंधित आईपीआर निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत किया गया है। | |

प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी/प्रविष्टियों को सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित कर लिया गया है।

हस्ताक्षर________________
तारीख: ________________
नाम: ________________
पद का नाम: ____________
(मुहर सहित)

## संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज़ों की जांच सूची

*(कृपया सही का निशान लगाएं)*

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में विधिवत अग्रेषित आवेदन | |
| 2 | पिछले पांच वर्षों के लिए उपलब्ध पूर्ण और अद्यतन सी.आर. डोजियर और उसकी सत्यापित फोटोकॉपी | |
| 3 | यदि किसी वर्ष विशेष या वर्ष के किसी भाग (तीन महीने से अधिक) के लिए एसीआर/एपीएआर नहीं लिखा गया है, तो पिछले वर्ष के एसीआर/एपीएआर के साथ उस अवधि के लिए नो रिपोर्ट सर्टिफिकेट (एनआरसी) संलग्न किया जाए। | |
| 4 | सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र | |
| 5 | सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र | |
| 6 | पिछले 10 वर्षों के दौरान छोटी/ बड़ी शास्ति का विवरण | |
| 7 | संवर्ग नियंत्रण/ नियुक्ति प्राधिकारी से संवर्ग अनापत्ति (यदि लागू हो) | |

अग्रेषण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
(मुहर के साथ)